Number of Pages in Booklet : 32
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Questions in Booklet : 70
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

190151

# Law

## Subject Code/विषय कोड : 19

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ................................................................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ................................................................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ................................................................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ................................................................

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : ................................................................

Time/समय : 75 Minutes/मिनट्स

Maximum Marks/पूर्णांक : 70

### Instructions

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 1 to serial no. 10 are related to general awareness while questions from serial no. 11 to serial no. 70 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the O.M.R. sheet by using **BLUE/BLACK BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

### निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 10 तक के प्रश्न सामान्य अभिज्ञान के तथा क्रमांक 11 से क्रमांक 70 तक के प्रश्न विषय केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ.एम.आर. शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

## Space for Rough Work
## कच्चे कार्य के लिए स्थान

1. Who was sworn-in as the sixth Governor of Uttarakhand on 8th January, 2015 ?

(A) Rameshwar Thakur

(B) V.K. Bisht

(C) Aziz Qureshi

(D) K.K. Paul

2. In Uttar Pradesh, the "Panchayati Raj Pranali' was launched in the year ............

(A) 1951

(B) 1956

(C) 1959

(D) 1948

3. Pascal is the unit of ............

(A) Pressure

(B) Frequency

(C) Conductivity

(D) Area

1. 8 जनवरी, 2015 को किसने उत्तराखंड के छठवें राज्यपाल के रूप में शपथ ली ?

(A) रामेश्वर ठाकुर

(B) बी.के. बिष्ट

(C) अज़ीज कुरैशी

(D) के.के. पॉल

2. उत्तर प्रदेश में 'पंचायती राज प्रणाली' का शुभारम्भ वर्ष ............ में हुआ था।

(A) 1951

(B) 1956

(C) 1959

(D) 1948

3. पासकल ............ की इकाई है।

(A) दाब

(B) आवृत्ति

(C) चालकता

(D) क्षेत्रफल

4. Who won the Men's single Chennai Open Tennis on 11th January, 2015 ?

(A) Roger Federer

(B) Stanislas Wawrinka

(C) Novak Djokovic

(D) Aljaz Bedene

5. In a flock of cow and hen, the ratio of total count of legs *Vs.* heads is 14 extra than double of head counts. The total number of cows are :

(A) 5

(B) 7

(C) 10

(D) 12

4. 11 जनवरी, 2015 को पुरुष एकल चेन्नई ओपन टेनिस किसने जीता ?

(A) Roger Federer

(B) Stanislas Wawrinka

(C) Novak Djokovic

(D) Aljaz Bedene

5. गाय और मुर्गी के एक झुण्ड में पैरों की संख्या सिरों की संख्या के दो गुने से 14 अधिक है। गायों की संख्या है :

(A) 5

(B) 7

(C) 10

(D) 12

6. In the given number series, find the *odd* one out :

196, 169, 144, 121, 80.

(A) 196

(B) 144

(C) 169

(D) 80

7. Find the appropriate match of group of letters from the given options ?

AYRRJC : CATTLE : : NCPDCAR : ?

(A) SUBJECT

(B) NEGLECT

(C) PERFECT

(D) OPERATE

6. दी गई संख्या शृंखला में एक पद **गलत** है। वह कौनसा है ?

196, 169, 144, 121, 80.

(A) 196

(B) 144

(C) 169

(D) 80

7. दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त मिलान वाले अक्षर समूह चुनिए :

AYRRJC : CATTLE : : NCPDCAR : ?

(A) SUBJECT

(B) NEGLECT

(C) PERFECT

(D) OPERATE

8. Find the word which *cannot* be framed by using letters of the given word : INSTITUTIONALISE.

(A) NUTRITION

(B) INSTITUTE

(C) TUITION

(D) INSULATION

9. Find the *correctly* spelt word :

(A) exhilerate

(B) exhelerate

(C) exhilarate

(D) exhillrate

10. Which letter of 'Vertex' be changed so that the word meaning now becomes circular/spiral movement (whirlwind) ?

(A) First

(B) Second

(C) Fourth

(D) Last

8. वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके **नहीं** बनाया जा सकता :

INSTITUTIONALISE

(A) NUTRITION

(B) INSTITUTE

(C) TUITION

(D) INSULATION

9. **सही** वर्तनी वाला शब्द छाँटिये :

(A) exhilerate

(B) exhelerate

(C) exhilarate

(D) exhillrate

10. 'Vertex' शब्द का कौनसा अक्षर बदल दिया जाए, जिससे उसका अर्थ सर्पिल गति (भ्रमिल/भंवर) हो जाए ?

(A) पहला

(B) दूसरा

(C) चौथा

(D) अंतिम

11. Which one of the following is *not* related to elements of valid contract ?

(A) Proposal

(B) Acceptance

(C) Consideration

(D) Quasi-contract

12. Which one of the following is *not* *correct* ?

(A) Contract is voidable if consent is caused by fraud

(B) Contract is void if consent of both the parties is caused by mistake

(C) Agreement with minor is void

(D) Wagering agreement is void

11. निम्न में से कौनसा विधिमान्य संविदा के आवश्यक तत्वों से सम्बन्धित **नहीं** है ?

(A) प्रस्ताव

(B) स्वीकृति

(C) प्रतिफल

(D) संविदा-कल्प

12. निम्न में से कौनसा सही **नहीं** है ?

(A) कपट से प्राप्त सहमति पर संविदा शून्यकरणीय है

(B) दोनों पक्षों की सहमति अगर भूल से प्रभावित है तो संविदा शून्य है

(C) अवयस्क के साथ किया गया करार शून्य है

(D) बाजी लगाने का करार शून्य है

13. Case of Maina Bibi *Vs*. Chaudhary Vakil Ahmed is related to :

(A) Hiba

(B) Wasiyat

(C) Dower

(D) Wakf

14. Which of the following is *not* a reason of lay-off ?

(A) Modern Technology

(B) Shortage of Coal

(C) Shortage of Power

(D) Shortage of Raw Material

15. Crown Aluminium Works *Vs*. Its Workmen is a case relating to :

(A) Minimum wages

(B) Fair wages

(C) Factory

(D) Strike

13. मैना बीबी **बनाम** चौधरी वकील अहमद का वाद सम्बन्धित है :

(A) हिबा से

(B) वसीयत से

(C) मेहर से

(D) वक्फ से

14. निम्न में से कौनसा जबरन छुट्टी का कारण **नहीं** है ?

(A) आधुनिक तकनीकि

(B) कोयले की कमी

(C) बिजली की कमी

(D) कच्चे माल की कमी

15. क्राउन ऐलुमिनियम कारखाना **बनाम** इसके कर्मकार का वाद सम्बन्धित है :

(A) न्यूनतम मजदूरी से

(B) उचित मजदूरी से

(C) कारखाना से

(D) हड़ताल से

16. Bangalore Water Supply *Vs.* A Rajappa is a case relating to :

(A) Triple Test for Identification of an Industry

(B) Industrial Dispute

(C) Lock-out

(D) Workman

17. Which one of the following countries is *not* a permanent member of Security Council ?

(A) China

(B) France

(C) Japan

(D) Britain

16. बंगलौर वाटर सप्लाई **बनाम** ए. राजप्पा का वाद सम्बन्धित है :

(A) उद्योग की पहचान हेतु तिहरे परीक्षण से

(B) औद्योगिक विवाद से

(C) तालाबन्दी से

(D) कर्मकार से

17. निम्न में से कौनसा देश सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य **नहीं** है ?

(A) चीन

(B) फ्रांस

(C) जापान

(D) ब्रिटेन

18. The U.N.O. is based on the principle of :

(A) The solidarity of mankind

(B) The sovereign equality of all its members

(C) Good government for its members

(D) Economic and social well-beings of its members

19. 'Tuhr' means :

(A) Period of Iddat

(B) Period of Menstruation

(C) Period between two Menstruations

(D) None of the above

18. संयुक्त राष्ट्र संघ जिस सिद्धान्त पर आधारित है, वह है :

(A) मानव समाज की एकात्मता

(B) इसके सभी सदस्यों की प्रभुसमता

(C) इसके सदस्यों के लिए अच्छी सरकार

(D) इसके सदस्यों का आर्थिक और सामाजिक कल्याण

19. 'तुहर' का अर्थ है :

(A) इद्दत का समय

(B) रजोधर्म का समय

(C) दो रजोधर्मों के बीच का समय

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. Marriage in Fosterage relationship in Muslim Law is :

(A) Valid

(B) Irregular

(C) Void

(D) Voidable

21. The U.N.O. was originated on :

(A) 24th April, 1946

(B) 10th December, 1948

(C) 24th October, 1945

(D) 15th March, 1946

22. While obtaining the consent of the promisee, keeping silence by promisor when he has duty to speak about the material facts, amounts to consent obtained by :

(A) Coercion

(B) Misrepresentation

(C) Mistake

(D) Fraud

20. मुस्लिम विधि में धात्रेय सम्बन्ध में विवाह होता है :

(A) विधिमान्य

(B) अनियमित

(C) शून्य

(D) शून्यकरणीय

21. संयुक्त राष्ट्रसंघ स्थापित हुआ था :

(A) 24 अप्रैल, 1946 को

(B) 10 दिसम्बर, 1948 को

(C) 24 अक्टूबर, 1945 को

(D) 15 मार्च, 1946 को

22. जब वचनगृहीता की सहमति प्राप्त करते समय वचनदाता मौन रहता है, जबकि उसका कर्तव्य है कि वह तात्विक तथ्यों के बारे में बताए तो इसका अर्थ है कि सहमति प्राप्त की गई है :

(A) उत्पीड़न से

(B) मिथ्यावर्णन से

(C) भूल से

(D) कपट से

23. Which of the following Articles contains the power of Supreme Court of India to punish for the Contempt of the Court ?

(A) Article 141

(B) Article 142

(C) Article 129

(D) Article 149

24. Which of the Article of Constitution relating to fundamental right cannot be suspended on proclamation of emergency ?

(A) Article 14

(B) Article 19

(C) Article 21

(D) Article 25

23. निम्न में से कौनसा अनुच्छेद भारत के उच्चतम न्यायालय की अवमानना के अधिकार को बताता है ?

(A) अनुच्छेद 141

(B) अनुच्छेद 142

(C) अनुच्छेद 129

(D) अनुच्छेद 149

24. मूल अधिकार से सम्बन्धित संविधान का कौनसा अनुच्छेद आपातकाल की उद्घोषणा से निलंबित **नहीं** किया जा सकता है ?

(A) अनुच्छेद 14

(B) अनुच्छेद 19

(C) अनुच्छेद 21

(D) अनुच्छेद 25

25. Constitution of India is Federal, because :

(A) The President of India is elected by the elected members

(B) The Governors of the states are appointed by President

(C) There is distribution of power between the Union and the States

(D) None of the above

25. भारत का संविधान परिसंघीय है, क्योंकि :

(A) भारत के राष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया जाता है

(B) राज्यों के राज्यपालों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है

(C) संघ और राज्यों के बीच शक्तियों का विभाजन है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. Under Indian Constitution, which one of the following is *not* specific ground on which state can place restrictions on freedom of religion ?

(A) Public Order

(B) Morality

(C) Social Justice

(D) Health

26. भारत के संविधान के अधीन निम्नलिखित में से कौनसा राज्य द्वारा धर्म की स्वतन्त्रता पर निर्बंधन लगाने का विनिर्दिष्ट आधार **नहीं** है ?

(A) लोक व्यवस्था

(B) नैतिकता

(C) सामाजिक न्याय

(D) स्वास्थ्य

27. Lokpal Legislation will prevent corruption by :

(A) Prime Minister

(B) Chief Minister

(C) President

(D) Religious Institutions

28. In which case the Supreme Court of India held that the voters have a right to know the antecedents of contesting candidates ?

(A) Shakila Abdul Gaffur *Vs.* Vasant R. Dhoble

(B) Shyam Narain Chowksey *Vs.* Union of India

(C) Union of India *Vs.* Association for Democratic Reform

(D) Saurabh Chowdhary *Vs.* Union of India

27. लोकपाल विधायन भ्रष्टाचार को रोकेगा :

(A) प्रधान मंत्री द्वारा

(B) मुख्य मंत्री द्वारा

(C) राष्ट्रपति द्वारा

(D) धार्मिक संस्थाओं द्वारा

28. भारत के उच्चतम न्यायालय ने किस वाद में यह अभिनिर्धारित किया कि मतदाताओं को चुनाव में लड़ने वाले अभ्यर्थियों की पूर्व स्थिति के बारे में जानने का अधिकार है ?

(A) शकीला अब्दुल गफ्फूर **बनाम** बसंत आर. धोबले

(B) श्याम नारायण चौकसी **बनाम** भारत संघ

(C) भारत संघ **बनाम** एसोसियेशन फार डेमोक्रटिक रिफार्म

(D) सौरभ चौधरी **बनाम** भारत संघ

29. The term 'General Offer' was used for the first time in the case of :

(A) Carlill *Vs.* Carbolic Smoke Ball Co.

(B) Lalman Shukla *Vs.* Gauri Dutt

(C) Bhagwan Das *Vs.* Girdhari Lal

(D) Hadley *Vs.* Bexandale

30. Under which Section of Trade Union Act 1926, a registered trade union is immuned from criminal liability ?

(A) Section 15

(B) Section 16

(C) Section 17

(D) Section 20

29. 'सामान्य प्रस्ताव' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम जिस वाद में किया गया, वह है :

(A) कार्लिल **बनाम** कारबोलिक स्मोक बाल कम्पनी

(B) लालमन शुक्ला **बनाम** गौरी दत्त

(C) भगवान दास **बनाम** गिरधारी लाल

(D) हैडले **बनाम** बैक्सनडेल

30. व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 की किस धारा में एक पंजीकृत व्यवसाय संघ आपराधिक दायित्व से उन्मुक्त है ?

(A) धारा 15

(B) धारा 16

(C) धारा 17

(D) धारा 20

31. Which one of the following human rights finds expression as fundamental right in Constitution of India ?

(A) Right to Property

(B) Right to Equality

(C) Right to Work

(D) Right to Social Security

32. The prospectus can be issued by :

(A) Public Company only

(B) Private Company only

(C) Partnership firm

(D) Both Public and Private Company

31. निम्नलिखित मानव अधिकारों में कौनसा एक अधिकार भारतीय संविधान में मूल अधिकार के रूप में अभिव्यक्त है ?

(A) सम्पत्ति का अधिकार

(B) समानता का अधिकार

(C) कार्य का अधिकार

(D) सामाजिक सुरक्षा का अधिकार

32. प्रविवरणिका निम्न द्वारा प्रसारित की जाती है :

(A) केवल सार्वजनिक कम्पनी द्वारा

(B) केवल निजी कम्पनी द्वारा

(C) साझेदारी फर्म द्वारा

(D) सार्वजनिक व निजी दोनों कम्पनी द्वारा

33. Positive law means law which is :

(A) Beneficial in nature

(B) Given by nature

(C) Given by political authority

(D) Set by man to man

34. Pure theory is related to :

(A) Kelson

(B) Austin

(C) Bentham

(D) Holland

35. Which of the following is the legal right of shareholder of the company ?

(A) To become director compulsorily

(B) To own property of company

(C) To take dividend from profits

(D) To purchase goods for company

33. निश्चयात्मक विधि से तात्पर्य उस विधि से है, जो :

(A) लाभदायक प्रकृति की है

(B) जो प्रकृति प्रदत्त है

(C) जो राजनैतिक सत्ता प्रदत्त है

(D) व्यक्ति द्वारा व्यक्ति से स्थापित है

34. कानून में शुद्धता का सिद्धान्त सम्बन्धित है :

(A) कैल्सन से

(B) आस्टिन से

(C) बेन्थम से

(D) हॉलैण्ड से

35. निम्न में से कौनसा कम्पनी के अंशधारी का कानूनी अधिकार है ?

(A) आवश्यक रूप से संचालक बनना

(B) कम्पनी की सम्पत्ति का मालिक होना

(C) कम्पनी के लाभों में से लाभांश लेना

(D) कम्पनी के लिए सामान क्रय करना

36. The jural opposite of 'Right' is :

(A) Wrong

(B) No right

(C) Duty

(D) Disability

37. Legal person is one :

(A) Who knows law

(B) Who is Plaintiff

(C) Whose legitimacy is undoubtful

(D) Who is capable of jural relations

38. Supreme legislation means legislation made by :

(A) The Executive

(B) The Judiciary

(C) The Parliament

(D) The Municipality

36. 'अधिकार' का विधिक विलोम है :

(A) अपकार

(B) अधिकार नहीं

(C) कर्तव्य

(D) निर्योग्यता

37. विधिक व्यक्ति वह है :

(A) जो विधि जानता हो

(B) जो वादी हो

(C) जिसकी धर्मजता शंकारहित हो

(D) जो विधि सम्बन्धों के योग्य हो

38. उच्चतम विधायन वह है जो निर्मित किया जाता है :

(A) कार्यपालिका द्वारा

(B) न्यायपालिका द्वारा

(C) संसद द्वारा

(D) नगरपालिका द्वारा

39. Concept of creamy layer was propounded in :

(A) Salal project case

(B) Keshvanand Bharti case

(C) Indra Sahwney case

(D) Golak Nath case

40. Which of the following case is related to sexual harassment ?

(A) M.C. Mehta case

(B) Vishakha case

(C) Maula Bux case

(D) Shah Bano case

41. 'Law Day' in India is celebrated on :

(A) 11th May

(B) 26th April

(C) 26th November

(D) 30th June

39. क्रीमी लेयर की अवधारणा का प्रतिपादन किया गया :

(A) सलाल प्रोजेक्ट के वाद में

(B) केशवानन्द भारती के वाद में

(C) इन्द्रा साहनी के वाद में

(D) गोलक नाथ के वाद में

40. निम्न में से कौनसा वाद यौन-उत्पीड़न से जुड़ा हुआ है ?

(A) एम.सी. मेहता का वाद

(B) विशाखा का वाद

(C) मौलाबक्श का वाद

(D) शाहबानो का वाद

41. भारत में 'विधि दिवस' मनाया जाता है :

(A) 11 मई को

(B) 26 अप्रैल को

(C) 26 नवम्बर को

(D) 30 जून को

42. Which of the following incomes is *not* taxable under Income Tax Act, 1961 ?

(A) Income from Government service

(B) Agricultural Income

(C) Income from business

(D) Income of partnership firms

43. Environment legislation was brought into being as a consequence of which Conference ?

(A) Stockholm

(B) Sweden

(C) Brazil

(D) Geneva

42. आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत किस प्रकार की आय पर आयकर **नहीं** लगता ?

(A) सरकारी नौकरी से आय

(B) कृषि से आय

(C) व्यापार से आय

(D) साझेदारी फर्मों की आय

43. किस सम्मेलन के परिणामस्वरूप भारत वर्ष में पर्यावरण विधायन का जन्म हुआ ?

(A) स्टॉकहोम

(B) स्वीडन

(C) ब्राजील

(D) जेनेवा

44. Law of Tort developed primarily through :

(A) Law of contract

(B) Criminal law

(C) Legislation

(D) Judicial decisions

45. Malice in law means :

(A) Wrongful intention

(B) Wrongful conduct

(C) Wrongful blame

(D) Wrongful action

46. 'Once a mortgage is always a mortgage' is a principle of :

(A) Law of Contract

(B) Law of Transfer of Property

(C) Specific Relief Act

(D) Law of Insurance

44. दुष्कृति विधि का विकास मुख्य रूप से हुआ :

(A) संविदा विधि द्वारा

(B) आपराधिक विधि द्वारा

(C) विधायन द्वारा

(D) न्यायिक निर्णयों द्वारा

45. दुर्विचार का मतलब होता है :

(A) गलत मंशा

(B) गलत आचरण

(C) गलत दोषारोपण

(D) गलत क्रियाकलाप

46. 'एक बार बन्धक सदैव के लिए बन्धक है', यह सिद्धान्त :

(A) संविदा विधि का है

(B) सम्पत्ति अन्तरण विधि का है

(C) विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम का है

(D) बीमा कानून का है

47. A instigates B to murder C. B refuses to commit the act. A's act amounts to :

(A) Murder

(B) Attempt to murder

(C) Culpable homicide

(D) Abetting to comment murder

48. Principle of Estoppel under Evidence Act is contained in :

(A) Section 115

(B) Section 112

(C) Section 120

(D) Section 85

49. Volenti-non-fit injuria is involved in :

(A) Criminal liability

(B) Contractual liability

(C) Tortious liability

(D) Moral liability

47. A ने B को C की हत्या के लिए प्रेरित किया। B ने इस कार्य के लिए मना कर दिया। A का कार्य बराबर है :

(A) हत्या के

(B) हत्या करने के प्रयास के

(C) आपराधिक मानव वध के

(D) हत्या के उपशमन के

48. साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में विबंध का सिद्धान्त वर्णित है ?

(A) धारा 115

(B) धारा 112

(C) धारा 120

(D) धारा 85

49. सम्मत कार्य क्षति निम्न में से किसमें आता है ?

(A) आपराधिक दायित्व

(B) संविदागत दायित्व

(C) अपकृत्य दायित्व

(D) नैतिक दायित्व

50. Sale of Goods Act covers :

(A) Movable goods

(B) Immovable goods

(C) Services

(D) Both movable goods and immovable goods

51. Which of the following is *not* the principal organ of U.N.O. ?

(A) General Assembly

(B) Security Council

(C) Secretariat

(D) I.L.O.

52. A person instituting a suit in 'form of pauper' is known as :

(A) Intelligent person

(B) Juristic person

(C) First person

(D) Indigent person

50. माल विक्रय अधिनियम के अन्तर्गत आते हैं :

(A) चल माल

(B) अचल माल

(C) सेवाएँ

(D) चल और अचल माल दोनों

51. निम्न में से कौनसा संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रमुख अंग **नहीं** है ?

(A) साधारण सभा

(B) सुरक्षा परिषद

(C) सचिवालय

(D) अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

52. एक व्यक्ति द्वारा 'निर्धन व्यक्ति के रूप में' वाद जाना जाता है :

(A) प्रबुद्ध व्यक्ति

(B) विधिक व्यक्ति

(C) प्रथम व्यक्ति

(D) निर्धन व्यक्ति

53. Power granted to a court under Section 151 of the Code of Civil Procedure, 1908 is known as :

(A) Inherent power

(B) Appellate power

(C) Revisional power

(D) Reviewing power

54. Jurisprudence is called 'Lawyer's extraversion' by :

(A) Holmes

(B) Julius Stone

(C) Pound

(D) Austin

53. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 151 में न्यायालय को जो शक्ति दी गयी है, वह कहलाती है :

(A) अन्तरानिहित शक्ति

(B) अपीलीय शक्ति

(C) पुनर्विलोकन शक्ति

(D) पुनरीक्षण शक्ति

54. विधिशास्त्र को 'विधिवेत्ता' की बाह्यदर्शिता कहा है :

(A) होम्स ने

(B) जूलियस स्टोन ने

(C) पाउण्ड ने

(D) आस्टिन ने

55. Which one of the following rights is *not* a human right under the Universal Declaration of Human Rights, 1948 ?

(A) Right to clean environment

(B) Right to marriage

(C) Right to social security

(D) Right to education

56. Which one of the following is *not* the function of the National or State Human Rights Commission in India ?

(A) Research in the area of human rights

(B) Recommendation for effective implementation of human rights

(C) Promoting human rights awareness

(D) Punishment for violation of human rights

55. निम्नलिखित अधिकारों में से कौनसा एक अधिकार सर्वव्यापक मानक अधिकार घोषणा, 1948 के अन्तर्गत मानक अधिकार **नहीं** है ?

(A) स्वच्छ वातावरण का अधिकार

(B) विवाह का अधिकार

(C) सामाजिक सुरक्षा का अधिकार

(D) शिक्षा का अधिकार

56. निम्नलिखित में से कौनसा कार्य भारत में राष्ट्रीय या राज्य के मानव अधिकार आयोग का **नहीं** है ?

(A) मानव अधिकार के क्षेत्र में अनुसंधान

(B) मानव अधिकारों को प्रभावी तरीके से लागू करने की सिफारिश

(C) मानव अधिकार की जागरूकता को प्रोत्साहन

(D) मानव अधिकार के हनन के लिए सजा

57. 'X' on receiving grave and sudden provocation from 'Z' intentionally causes the death of 'Y', who is Z's brother. X has committed the offence of :

(A) Murder

(B) Grievous hurt

(C) Culpable homicide not amounting to murder

(D) Attempt to murder

58. A bullock-cart carrying a box of treasure is intercepted by A. The offence of theft is committed by 'A' if and as soon as :

(A) he seizes the bullock

(B) the bullock is made to move by him in his direction

(C) he takes the box of treasure

(D) he takes the valuable contents of the treasure

57. 'X' को 'Z' से गम्भीर और अचानक प्रकोपन मिला और साशय 'Y' की मृत्यु कारित कर दी। 'Y', 'Z' का भाई है। 'X' ने अपराध किया है :

(A) हत्या का

(B) घोर उपहति का

(C) आपराधिक मानव वध का जो हत्या की कोटि में नहीं आता

(D) हत्या के प्रयत्न का

58. एक बैलगाड़ी को जो खजाने का बक्सा ले जा रही थी A ने बीच में रोका। A चोरी का अपराध करता है, यदि और जैसे ही :

(A) वह बैल का अभिग्रहण करता है

(B) वह बैल को अपनी दिशा में चलाता है

(C) वह खजाने का बक्सा ले लेता है

(D) वह खजाने में से मूल्यवान वस्तुओं को ले लेता है

59. A obtained a sum of Rs. 90,000 from B by putting B in fear of instant death. Which one of the following offences was committed buy A ?

(A) Cheating

(B) Robbery

(C) Mischief

(D) Extortion

60. 'A', a revenue officer, is entrusted with public money and is directed by law to pay into treasury all the public money he holds. He instead of paying the same into treasury dishonestly misappropriate the same by buying a sofa set for his personal use. What offence has 'A' committed ?

(A) Criminal Breach of Trust

(B) Dishonest misappropriation of property

(C) Cheating

(D) Theft

59. 'A' ने 'B' को तुरन्त मृत्यु की धमकी देकर 90,000 रु. की राशि ले ली। 'A' ने निम्नलिखित में से कौनसा अपराध किया है ?

(A) छल

(B) लूट

(C) रिष्टि

(D) उद्दापन

60. एक राजस्व अधिकारी 'A' के पास लोक धन न्यस्त किया गया है और वह उस धन को जो न्यस्त किया गया है, खजाने में जमा कर देने के लिए विधि द्वारा निदेशित है। वह उस धन को खजाने में जमा करने के स्थान पर अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए सोफा क्रय करके बेईमानी से विनियोजित कर लेता है। 'A' ने कौनसा अपराध किया है ?

(A) आपराधिक न्यास-भंग

(B) बेईमानी से सम्पत्ति का दुर्विनियोजन

(C) छल

(D) चोरी

61. Which of the statements below is *false* ?

(A) Custom must have antiquity

(B) Custom must have been enjoyed peacefully

(C) Custom be recognised judicially

(D) Custom must have certainty and conformity

62. A owes B, Rs. 500 which has become time-barred. B's claim of Rs. 500 is :

(A) in the nature of imperfect legal right

(B) in the nature of perfect legal right

(C) in the nature of only a moral right

(D) no right at all

61. निम्न में से कौनसा कथन **मिथ्या** है ?

(A) रूढ़ि पुरातन हो

(B) रूढ़ि का प्रयोग शान्तिपूर्वक किया गया हो

(C) रूढ़ि को न्यायिक मान्यता प्राप्त हो

(D) रूढ़ि निश्चित और एकरूप हो

62. A पर B का 500 रुपया उधार है, जो समय वर्जित हो गया है। 500 रु. पर B का दावा :

(A) अपूर्ण विधिक अधिकार है

(B) पूर्ण विधिक अधिकार है

(C) केवल नैतिक अधिकार है

(D) कोई अधिकार नहीं है

63. Appellant Jurisdiction of the Supreme Court in appeals from High Courts in regard to civil matters pertains only to a :

(A) Substantial question of law

(B) Question of law

(C) Question of fact

(D) Mixed question of fact and law

64. Under Consumer Protection Act, 1986 the appeal against the decision of State Commission lies to :

(A) Supreme Court

(B) High Court

(C) National Commission

(D) None of the above

63. सिविल मामलों में उच्च न्यायालयों से अपील में उच्चतम न्यायालय की अपीली अधिकारिता सीमित है :

(A) विधि के सारवान प्रश्न तक

(B) विधि के प्रश्न तक

(C) तथ्य के प्रश्न तक

(D) विधि और तथ्य के मिश्रित प्रश्न तक

64. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत राज्य आयोग के निर्णय के विरुद्ध अपील दायर की जाती है :

(A) उच्चतम न्यायालय में

(B) उच्च न्यायालय में

(C) राष्ट्रीय आयोग में

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

65. Writ of public interest litigation can be issued :

(A) Under Article 32 only

(B) Under Article 226 only

(C) Under Article 32 and 226 both

(D) Under any other Article

66. The greatest impact on Constitution of India was left by :

(A) Government of India Act, 1935

(B) Constitution of U.S.A.

(C) Constitution of France

(D) Constitution of Canada

67. Delegated legislation means :

(A) Laws made by state legislature

(B) Laws declared by the judges in judicial decisions

(C) Administrative adjudication

(D) Rules, bye-laws and regulations made by virtue of statutory powers

65. जनहितवाद की रिट जारी की जा सकती है :

(A) केवल अनुच्छेद 32 के तहत

(B) केवल अनुच्छेद 226 के तहत

(C) अनुच्छेद 32 और 226 दोनों के तहत

(D) अन्य किसी भी अनुच्छेद के तहत

66. भारत के संविधान पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ा :

(A) भारत सरकार अधिनियम, 1935 का

(B) अमेरिकन संविधान का

(C) फ्रांस के संविधान का

(D) कनाडा के संविधान का

67. प्रत्यायोजित विधान का अर्थ है :

(A) राज्य विधान मंडल द्वारा बनाई गई विधि

(B) न्यायिक निर्णयों में न्यायाधीशों द्वारा घोषित विधि

(C) प्रशासकीय न्याय निर्णयन

(D) कानूनी शक्तियों के आधार पर बनाये गये नियम, उपविधियाँ तथा विनियम

68. "Law as such is found and not made. It is to be found in popular faith, common convictions, customs, traits, habits, traditions which in course of time grow into legal rules."

This concept of law was propounded by :

(A) Thibaut

(B) Henry Maine

(C) Savigny

(D) Salmond

69. Which of the following is *not* the object of Industrial Disputes Act, 1947 ?

(A) Settlement of industrial disputes

(B) Regulation of strikes

(C) Social justice

(D) Creative role of Trade Union

70. The constitution of which of the following funds is compulsory for registration of trade unions under the Trade Union Act, 1926 ?

(A) General Fund

(B) Political Fund

(C) Both General and Political fund

(D) Welfare fund

68. "विधि स्वयंभू है, बनाई नहीं जाती। वह लोक विश्वास, सामान्य आस्था, रूढ़ि वैशिष्ट्य, अभ्यास, परम्परा आदि में पाई जाती है जो कालक्रम में विकसित होकर विधि के नियम बन जाते हैं।"

विधि की यह संकल्पना प्रतिपादित की थी :

(A) थिबो ने

(B) हेनरी मेन ने

(C) सेविग्नी ने

(D) सामण्ड ने

69. निम्न में से कौनसा औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 का उद्देश्य **नहीं** है ?

(A) औद्योगिक झगड़ों का निपटारा

(B) हड़तालों का नियमन

(C) सामाजिक न्याय

(D) श्रम संघों की रचनात्मक भूमिका

70. निम्नलिखित में से कौनसे कोष का गठन व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 के अन्तर्गत व्यवसाय संघ के पंजीकरण हेतु आवश्यक है ?

(A) सामान्य कोष

(B) राजनैतिक कोष

(C) दोनों सामान्य और राजनैतिक कोष

(D) कल्याण कोष

**Space for Rough Work**

**कच्चे कार्य के लिए स्थान**

SEAL